जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच चलेंगी दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनें

नप्र, भोपालः यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने जयनगर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) के बीच दो-दो ट्रिप पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहराव रहेगा। इससे बिहार और महाराष्ट्र के यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी। गाड़ी संख्या 05535 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 17 और 24 नवंबर को जयनगर से रात 11:50 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन सतना, कटनी और जबलपुर होते हुए तीसरे दिन सुबह 3:40 बजे इटारसी पहुंचेगी और 3:50 बजे रवाना होगी। इसके बाद विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए गुरुवार शाम 5:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी संख्या 05536 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर स्पेशल ट्रेन 19 और 26 नवंबर को मुंबई से शाम 7 बजे रवाना होगी। अगले दिन सुबह 8 बजे इटारसी पहुंचेगी और 8:10 बजे रवाना होगी। इसके बाद जबलपुर, कटनी और सतना होते हुए शनिवार दोपहर 1:50 बजे जयनगर पहुंचेगी। इन ट्रेनों का ठहराव मधुबनी, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण और ठाणे सहित प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा।

वियतनाम के ग्लोबल क्राफ्ट फेस्टिवल में छाया मध्यप्रदेश का बाग प्रिंट



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश की पारंपरिक हस्तशिल्प कला बाग प्रिंट ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई है। वियतनाम की राजधानी हनोई में 13 से 16 नवंबर तक आयोजित ग्लोबल क्राफ्ट फेस्टिवल में 40 से अधिक देशों के शिल्पकार, कला विशेषज्ञ, उद्योगपति और प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

यहां मध्यप्रदेश की बाग प्रिंट कला आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। फेस्टिवल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मास्टर शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री और डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को बाग प्रिंट के इतिहास, पारंपरिक ठप्पा छपाई तकनीक और प्राकृतिक रंगों के उपयोग की जानकारी दे रहे हैं। इस कला में शुद्ध लोहे की भस्म, वनस्पतियों और जड़ी-बूटियों से तैयार प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है।

सागवान की लकड़ी से बने पारंपरिक ठप्पों के माध्यम से कपड़ों पर आकर्षक डिजाइन उकेरे जाते हैं। इसकी बारीकियों ने विदेशी कला प्रेमियों को आकर्षित किया है।

फेस्टिवल के लिए अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और वियतनाम के स्थानीय लोगों की पसंद के अनुसार विशेष उत्पाद तैयार किए गए हैं। इनमें प्राकृतिक रंगों से निर्मित मल्बरी सिल्क, टसर सिल्क और कॉटन के दुपट्टे, स्कार्फ, स्टोल तथा होम फर्निशिंग उत्पाद शामिल हैं। इनकी डिजाइन, गुणवत्ता और पारंपरिक शिल्प कौशल को स्थानीय नागरिकों, खरीदारों और फैशन विशेषज्ञों ने सराहा है।

छिंदवाड़ा में विकास कार्यों का आयुक्त भोंडवे ने किया निरीक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों से समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत निर्माणाधीन आधुनिक फायर स्टेशन का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की प्रगति और उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी लेकर कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने विश्वबैंक की सहायता से संचालित सीवरेज परियोजना के मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली, नियमित संचालन और रखरखाव की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही संयंत्र का प्रभावी और निरंतर संचालन सुनिश्चित करने को कहा।

भोंडवे ने नगर निगम के प्रशासनिक कार्यालय का निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं, जनशिकायत निवारण प्रणाली और नागरिक सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नगरीय अधोसंरचना परियोजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर, सुलभ और पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शहरी व्यवस्थाओं को स्वच्छ और मजबूत बनाना शासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राजधानी के कई क्षेत्रों में आज बिजली कटौती

भोपाल। बिजली कंपनी द्वारा शनिवार को रखरखाव कार्य किए जाने के कारण शहर के करीब 25 इलाकों में दो से छह घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी। इससे अशोका गार्डन, शारदा नगर, अशोक विहार, पन्ना नगर और जैन कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी के अनुसार, सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीडीए कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मंच देगा रोटरी क्लब भोपाल मिडटाउन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रोटरी क्लब ऑफ भोपाल मिडटाउन पिछले 24 वर्षों से दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहा है।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए क्लब इस वर्ष भी 'लाइफ विदाउट लिमिट्स' थीम के तहत आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को खेल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष आयोजन क्लब अध्यक्ष रोटेरियन तरुणा तनेजा, सचिव रोटेरियन पाल्की छाजेड़ और इवेंट चेयरमैन रोटेरियन हेम सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन की सफलता में वरिष्ठ रोटेरियन सुनील भार्गव, संजय निगम और अमित तनेजा सहित क्लब के सभी सदस्य सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। क्लब ने भोपाल के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और सहयोगियों से आयोजन में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। क्लब का संदेश है कि हौसलों के आगे कोई सीमा नहीं होती।

कार्यालय, जनपद पंचायत बडवाह जिला खरगोन

क्रमांक 6766/ पंचकोशी/2026 बडवाह दिनांक 13-11-2026

प्रेस विज्ञप्ति

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बडवाह के आदेश कमांक/6700 बडवाह दिनांक 13.11.2026 प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री मों नर्मदा पंचक्रोशी यात्रा का आयोजन जनपद क्षेत्र में होगा। यात्रियों की समुचित व्यवस्था के लिये जनपद पंचायत द्वारा पंचकोशी यात्रियो टेन्ट तथा विद्युत व्यवस्था की जाना है। उक्त व्यवस्था दिनांक 20.11.2026 एवं 24.11.2026 तक रहेगी। तथा उक्त 01 वर्ष के लिए मान्य रहेगी।

अतः इच्छुक दुकानदार दिनांक 17.11.2026 दोपहर 2.00 बजे तक जनपद पंचायत बडवाह में न्युनतम रेट (भाव) मय विवरण के प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 17.11.2026 को दोपहर 03.00 बजे खोली जावेगी।

मुख्य कार्यपरिलन अधिकारी
जनपद पंचायत बडवाह

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा
दिनांक 10.11.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** सीपीएम-जीएसयू-जबल-ईपीसी-02-2026, दिनांक 10.11.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेलवे स्टेशन का इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण के आधार पर प्रमुख उन्नयन का कार्य (EPC). कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 243,21,00,000/-. **बयाना राशिः** ₹ 4,86,42,000/-. **समापन अवधिः** 900 दिन। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 28.12.2026. **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 28.12.2026. उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बार्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

उप मुख्य अभियंता,
गति शक्ति यूनिट, जबलपुर.

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

In The Court Of II Additional District Judge, Civil Court, Bina
Presiding Officer: **श्री संजय कुमार जैन**
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(MACC/0000007/2025)
भागीरथ Vs मो. अजीज एवं अन्य
Process ID/- पेशी दि.:16/12/2026

प्रेषिती-1. मोहम्मद इजाज पिता नूरमोहम्मद नि. राहतगढ जिला सागर (2) नितिन पिता देवीप्रसाद रैकवार नि. सलामतपुर वार्ड क्रं. 7 जिला रायसेन यह कि आवेदक भागीरथ ने आपके विरुद्ध धारा 166 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत आवेदन पत्र संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 November 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

संजय कुमार जैन,न्यायाधीश
द्वितीय अति.मो.दुर्घ.दावा अधिकरण बीना जिला सागर (म.प्र.)

AG

कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

प्रकरण क्रमांक/अ-6/26-27

आम सूचना

आवेदक संतोष मालाकार एवं सतीष मालाकार पिता स्व. श्री रतनलाल मालाकार निवासी नरेलाशंकरी भोपाल के द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वसीयत के आधार पर भूमि खसरा ग्राम 181/2 रकबा 1500 वर्गफिट ग्राम नरेलाशंकरी तहसील हुजूर जिला भोपाल का वसीयत नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति, व अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत की गई है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। मेरी पदमुद्रा से आज दिनांक को जारी।

तहसीलदार, नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

4006

IN THE COURT OF III ADDITIONAL JUDGE TO THE COURT OF I ADDITIONAL DISTRICT AND SESSION JUDGE BHOPAL MP
PERSIDENT OFFICER-
Shri Ajay Pendam
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षण अधिनियम 1956
प्र.क्र. MJC-GW/96/2026
कु. आराध्या जाटव..... आवेदक/वादी
विरुद्ध
सर्वसाधारण ..... अनावेदक/प्रतिवादी
प्रोसेस आईडी पेशी दिनांक

प्रेषितः-1. सर्वसाधारण पताः सर्वसाधारण
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कु. आराध्या जाटव, आयु 10 वर्ष, द्वारा संरक्षक पिता श्री रवि जाटव, पुत्र श्री प्रभात जाटव आयु वयस्क, निवासी बी-35, मॉ पीताम्बरा होम्स, करोंद, भोपाल म.प्र. द्वारा इस न्यायालय में पिता श्री रवि जाटव के संरक्षक घोषित किये जाने के आदेश पारित करने हेतु आवेदक किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 17.11.2026 है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में, किसी प्रकार का कोई हित है अथवा आपत्ति है तो पेशी दिनाक 17.11.2026 को न्यायालय में स्वय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे। तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक 21/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर से ओर इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। **कृपया ध्यान दे :** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

अजय पेंदाम,
प्रथम जिला न्यायाधीश के द्वितीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश भोपाल, म.प्र.

4005

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सडक तहसील-कोलार,जिला भोपाल
ममला क्रमांक-2935/37-6/2026-27

// इश्तेहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक फरहत जहाँ पत्नी श्री निसार अहमद खान भोपाल म.प्र. आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम बागसेवनिया स्थित भूमि खसरा क्रमांक 284/1/1ख के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड डी 12 रकबा 83.692 वर्गमीटर पर खातेदार का निधन हो जाने के उपरान्त उनके वैध वारिसानो के आधार पर फौथी नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकरपेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेग। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुदा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05.10.2026 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, तहसील कोलार, भोपाल

4004

कार्यालय नगरपालिका परिषद आमला जिला-बैतूल (म.प्र.)

E-mail ID: cmoamla@mpurban.gov.in Office Ph No. 07147 285752
क्रमांक/लो.नि.शा./ ई-निविदा/2026/1017 आमला, दिनांक 11/11/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_548734 Dt:11-11-2026	Construction of a CC Road in facilitate the movement of waste-collection vehicles to the municipal trenching ground, as well as the movement of citizens at NPP AMLA.	1-01 Month 2- Rs. 5,49,245/	1-Rs. 2,000/ 2-Rs. 5,500/	Dt.27 11 2026 Time 17 30 pm

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

श्री नितिन गाडरे)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद आमला

(श्री किशोर माथनकर)
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद आमला

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आमला

सूडोकु नवताल- 7959

मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6


Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7958 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

काकुरो पहेली - 7632




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7631 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9040



बाएँ से दाएँ

1. उचित,गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान,प्रसिद्धि-2
9. उल्टी,कै,वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल,फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम,वहम-3
22. आश्रय,शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा,टहनी-2

ऊपर से नीचे


1. नमस्ते,आदाब-3
2. देह,बदन,तन-2
3. शराब,मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम,संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग,सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला,सुस्त-3
19. नुकसान,घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा,सरूर,खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन,कोठी-3
25. क्षण,पल-2
26. कलिका,फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

शब्द पहेली -9039 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7471




ऊपर से नीचेः-

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, खवीना की फिल्म-२

बायें से दायेंः-

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7470



Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7565

	3	2	5			6
1	28		29	4	30	
5	4		6			7
	36	7	38	6	25	3
6		4			2	1
7	33		36	5	33	
3		1			6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7564 का हल

7	3	4	5	2	1	6
3	38	5	33	7	27	1
5	4	7	2	1	6	3
2	32	3	35	6	33	7
4	1	6	7	3	5	2
1	24	2	35	5	30	4
6	3	1	7	4	2	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8585

शब्द जाल में महाराष्ट्र के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अ	क	मु	ग	ल	ए	अ	ला	तु	र	ट्या
द	ह	ल	प्रे	व	बु	स	द	ह	कां	ड़
र	स	म	म	दी	छ	ल	आ	र्म	ख	क
इं	स	ल	द	दि	वा	स	ढा	ल	श	क
डि	आ	दो	ग	न	ज	ना	प	णा	झ	ड़
य	ना	द	र	दि	ग	उ	र	ण	दे	क
ती	व	ग	मी	या	प	र	भ	नां	व	को
सां	एं	ऊ	पु	द	ब	क	णी	ए	श	ल्हा
क	ग	ल	प	र	गी	स	री	औ	प	पु
क	ग	ली	प	लि	जी	त	ऐ	ओ	प	र
क	अ	म	रा	व	ती	स	व	र्धा	प	म

अहमदनगर, अमरावती, नागपुर, वर्धा, बुलढाणा,लातुर, नांदेड़, कोल्हापुर, सांगली, परभणी

शब्दजाल - 8584 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore